श्री मंजीत कुमार सिंह, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–298 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र0 सं0	प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–298 / 26	उत्तर प्रतिवेदन
1	हम सारण जिला अंतर्गत तरैया अंचल के निवासी प्रार्थना करते है कि सारण जिला के सारण नहर कैनाल, मढ़ौरा के संवेदक वैभव कन्सट्रक्सन के द्वारा पूल और PCC कार्यों की गुणवता खराब है। स्थानीय किसानों एवं निवासियों को घटिया काम के खिलाफ संबंधित अभियंताओं को लिखित शिकायत कई बार दिया जा चुका है। PCC में सीमेंट और बालू के मिश्रणों और पुल निर्माण में लोहे (सरिया) की गुणवत्ता सही नहीं है। निर्माण कार्य सरकारी मापदंडों के अनुसार नहीं है। अतः याचिका के माध्यम से सरकार से याचना करते है कि उपरोक्त कार्य को देखते हुए इनकी जाँच करवायी जाय तथा दोषियों पर कार्रवाई करते हुए समय पर निर्माण कराने की कृपा की जाय।	वस्तुस्थिति यह है कि:– • पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन कार्य (ई0आर0एम0) के ग्रुप सं0–02 के तहत सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा अन्तर्गत मढ़ौरा शाखा नहर एवं इससे निसृत प्रणाली का पुनर्स्थापन कार्य एकरारनामा संख्या 01SBD/2014-15 दिनांक 09.12.2014 के तहत मेसर्स वैभव कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 के द्वारा कराया जा रहा है। • विदित है कि उक्त कार्य के अंतर्गत मढ़ौरा शाखा नहर एवं इससे निसृत प्रणाली के विभिन्न चयनित स्थलों पर संरचना यथा पुल, सी0डी0 एवं आउटलेट का निर्माण तथा वितरणी, उपवितरणी एवं लघुनहर में पी0सी0सी0 लाईनिंग का कार्य कराया जा रहा है। • उपर्युक्त कराये जा रहे कार्यों का गुणवत्ता जाँच गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडल, सिवान तथा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमंडल–02, खगौल, पटना द्वारा किया जाता है। • उल्लेखनीय है कि पी0सी0सी0 निर्माण कार्यों का गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन संतोषप्रद है तथा पुल निर्माण में लोहे (सरिया) का प्रयोग अनुमोदित प्राक्कलन के अनुसार किया गया है। जो मानक के अनुरूप है। • माननीय स0वि0स0 से प्राप्त याचिका के आलोक में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग द्वारा एक समिति गठित कर मामले की जाँच करने की प्रक्रिया की जा रही है।

PTO

7

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–11 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–714 दिनांक–08.05.2026 के प्रसंग में याचिका सं0–298 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–11 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–11 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–11 / 2026–2485 पटना, दिनांक– 05/06/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5.6.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
05.06.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo